2026

HINDI

(Minor)

Paper Code : HIN4200104MN

(हिन्दी व्याकरण)

Full Marks : 60

Time : 2½ hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions.

Anandaram Dhekial Phookan College Library
Acc. No.
Date
Nagaon : Assam

1. निम्नलिखित प्रश्नों के सटीक उत्तर दीजिए : 1×8=8

(क) संधि करके शब्द बनाइए :

महा + ऋषि; यदि + अपि।

(ख) समास साधित करके शब्द की रचना कीजिए :

वीणा है पाणि में जिनके; चार राहों का समाहार।

(ग) 'को' चिह्न जोड़कर एकवचन और बहुवचन में 'लड़की' शब्द की कारकीय रूप रचना कीजिए।

(घ) संबोधन कारक के एकवचन और बहुवचन में 'साधु' शब्द के रूप बनाइए।

(ङ) 'अंधकार' शब्द का विपरीतार्थक शब्द लिखिए।

(च) 'काल' शब्द के दो अर्थ बताइए।

(छ) एकार्थक शब्द अभिलाषा का प्रयोग करके एक वाक्य बनाइए।

(ज) निम्नलिखित वाक्य को सरल वाक्य के रूप में प्रस्तुत कीजिए :

सूर्योदय हुआ और अंधकार जाता रहा।

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **छः** के उत्तर अत्यन्त संक्षेप में दीजिए : 2×6=12

(क) 'अनु' और 'उप' उपसर्गों के व्यवहार से दो-दो शब्द बनाइए।

(ख) 'आई' और 'वाला' प्रत्यय-युक्त दो-दो शब्दों का उल्लेख कीजिए।

(ग) वचन परिवर्तन के जरिये निम्नलिखित शब्दों के नये रूप लिखिए :

अध्यापिका; पहिये; कामनाएँ; नीति।

(घ) निम्नलिखित शब्दों के पुल्लिंग-रूप लिखिए :

बुढ़िया; बैल; धोबिन; औरत।

(ङ) दोनों वचनों में 'मैं' सर्वनाम की अधिकरण कारकीय रूप-रचना प्रस्तुत कीजिए।

(च) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए :

(i) मेरी नाम अनीता है।

(ii) वह गाने की कसरत कर रहा है।

(छ) निम्नलिखित वाक्यों को मिश्र वाक्य में परिवर्तित कीजिए :

(i) परिश्रमी विद्यार्थी को अवश्य सफलता मिलती है।

(ii) हार होने पर चिन्ता करना व्यर्थ है।

(ज) 'आकाश' शब्द के दो पर्यायवाची शब्द बताकर उनका वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(झ) सामान्य वर्तमान काल, अन्य पुरुष, पुल्लिंग-स्त्रीलिंग और एकवचन-बहुवचन में 'लिखना' क्रिया की रूप-रचना कीजिए।

Anandaram Dhekial Phookan College Library
Acc. No.
Date
Nagaon : Assam

(ञ) निम्नलिखित अनेक शब्दों के समूहों के लिये एक-एक शब्द लिखिए :

जिसकी उपमा न हो; जो संगीत गाता है; जो कभी न मरे; जो सब कुछ जानता है।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर संक्षेप में दीजिए : 5×4=20

(क) संधि और समास के अन्तर को स्पष्ट कीजिए।

(ख) उपसर्ग और प्रत्यय की परिभाषा देकर शब्द निर्माण में उनके महत्त्व को उदाहरण सहित समझाइए।

(ग) सर्वनाम किसे कहते हैं? सर्वनाम के भेदों का उदाहरण सहित विवेचन कीजिए।

(घ) निम्नलिखित व्यंजन संधियों को साधित करके नियमों का उल्लेख कीजिए :

दिक् + गज; उत् + नति; अहम् + कार; उत् + लास; परि + छेद।

(ङ) निम्नलिखित शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखिए :

अमावस्या; निर्मल; सार्थक; सरस; हर्ष; सुलभ; उत्थान; संन्यासी; पूर्ववर्ती; रक्षक।

(च) निम्नलिखित एकार्थक शब्दों का प्रयोग करके एक-एक वाक्य बनाइए :

अभिनन्दन; पूजनीय; उत्साह; विश्वास; स्वाधीनता।

(छ) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्दों का उल्लेख कीजिए :

अरण्य; पृथ्वी; उन्नति; कमल; पवन।

(ज) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए :

(i) हमारे शिक्षक प्रश्न पूछते है।

(ii) बीस रुपया में यह खिलौना खरीद लो।

(iii) आपका दर्शन हुआ।

(iv) इस समय उनकी आयु पचास वर्ष की है।

(v) वे तो अवश्य ही दिल्ली जाएँगे।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×2=20

(क) 'पद' की परिभाषा देते हुए हिन्दी में प्रचलित पद-विभागों का उदाहरण सहित विवेचन कीजिए।

(ख) प्रत्यय किसे कहते हैं? इसके कितने प्रकार हैं? 'पन', 'आई', 'पा', 'वान', 'आ' और 'इक' प्रत्ययों का प्रयोग करके दो-दो शब्द बनाइए। 2+2+6=10

(ग) उपसर्ग किसे कहते हैं? उपसर्ग के जोड़े जाने पर शब्द के अर्थ पर कैसे प्रभाव पड़ते हैं? 'अति', 'अधि', 'गैर', 'ला' और 'भर' उपसर्गों का प्रयोग करके दो-दो शब्द बनाइए। 2+3+5=10

(घ) लिंग किसे कहते हैं? हिन्दी में लिंग के कितने भेद हैं? लिंग परिवर्तन के नियमों पर सोदाहरण प्रकाश डालिए। 2+2+6=10

(ङ) वचन क्या है? हिन्दी में वचन के कितने भेद हैं? परसर्ग-सहित संज्ञा-शब्दों के वचन परिवर्तन पर उदाहरण सहित चर्चा कीजिए।

★★★

Lakhimram Dhekial Phookan College Library
Acc. No.
Date